संभावित सड़क दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर रोकथाम की कार्यवाही करें : लोकबंधु

■ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिला कलक्टर ने दिये निर्देश

जिला कलक्टर लोकबंधु ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली।

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संभावित सड़क दुर्घटना स्थलों को चिन्हित कर रोकथाम की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाने वालों को प्रोत्साहित करने के साथ.साथ उन्हें मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना के तहत पुरस्कृत भी किया जाये।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संभावित दुर्घटना स्थलों को चिन्हित करते हुए संबंधित विभागों द्वारा समन्वित रूप से गंभीरतापूर्वक प्रयास किए जाएं। सड़क किनारे उगी झाड़ियों को हटाते हुए क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाई जाये। बेसहारा पशुओं का सड़क पर विचरण न होए इसके लिये शहरी क्षेत्र में नगरपरिषद और ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज विभाग आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बेसहारा पशुओं के सींगों पर रेडियम पट्टी लगाई जाये ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

बैठक में हनुमानगढ़ रोड़ स्थित जैन कॉलेज के पास कट को छोटा करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि पीडब्लूयूडी, एनएच, एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा एम्बुलेंस की नियमित मॉनिटरिंग की जाये। रात्रि में टोल टैक्स नाकों पर पेट्रोलिंग वाहन नियमित रूप से वाहनों की चैकिंग करें। संबंधित विभागीय अधिकारी दुर्घटना होने पर तत्काल मौके पर पहुंचें और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला मुख्यालय स्थित नई धानमंडी के बाहर होर्डिंग्स हटाने के लिये यातायातए नगर विकास न्यास और नगरपरिषद द्वारा संयुक्त मौका मुआयना कर आवश्यक कार्यवाही की जाये।

हाईवे रोड़ स्थित सूखे पेड़ों को चिन्हित कर नियमानुसार हटाने की कार्यवाही करने के लिये वन विभाग और पीडब्लूयूडी को निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि संभावित दुर्घटना वाले समस्त स्थलों को चिन्हित करते हुए स्पीड ब्रेकर बनाये जायें। गोल बाजार चौराहे पर ट्रैफिक लाइट लगाने के लिये नगरपरिषद आयुक्त को निर्देशित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि उपयोगी होने पर अन्य चौराहों पर भी इस व्यवस्था को प्रभावी किया जाये। इसके लिये उन्होंने एसडीएम, नगर विकास न्यास, नगर परिषद और यातायात प्रभारी को स्थान चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय जिला चिकित्सालय, पीएचसी, सीएचसी सहित समस्त चिकित्सा संस्थानों में स्टाफ को पाबंद किया जाये कि वे घायलों को उपचार के लिये लाने वाले आमजन को प्रोत्साहित करें। आमजन को योजना के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ घायलों को उपचार के लिये अस्पताल लेकर आने वालों को पुरस्कृत और प्रोत्साहित भी किया जाये ताकि घायलों का जीवन बचाया जा सके।

सूरतगढ़ शहर में पुल के पास सड़क की मरम्मत के साथ-साथ बरसात के पश्चात जिले में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पेच वर्क के लिये पीडब्लूयूडी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ-साथ जिला परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिड वाहनों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर संबंधित विभागीय अधिकारी मौके पर तत्काल पहुंचकर राहत तथा बचाव व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने भी जिले में संभावित दुर्घटना स्थलों को चिन्हित करने के साथ.साथ दुर्घटना होने पर उपचार-बचाव सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना होने पर पुलिस, स्वास्थ्य सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई तुरंत गति से की जाए। घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाते हुए उपचार सुविधा देना सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार संबंधित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कहा कि परिवहन विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट के पास नियमित रूप से वाहनों की जांच की जाये। बैठक में एडीएम प्रशासन (कार्यवाहक) कैलाशचंद्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, एसई पीडब्लूयूडी ज्योति प्रकाश सुथार, पदम प्रकाश कोठारी, डीटीओ अवधेश चौधरी, यातायात प्रभारी श्री रघुवीर बीका, हरविंदर सिंह, डॉ. करण आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

बाड़मेर-हरिद्वार ट्रेन का इंजन हुआ फेल

नोखा, (कासं)। बाड़मेर से चलकर हरिद्वार जाने वाली 14888 एक्सप्रेस का बुधवार शाम को नोखा व चिलो पर इंजन फेल हो गया। इसके बाद नोखा स्टेशन से दूसरा इंजन मंगाया गया। इंजन बदलकर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस दौरान ट्रेन दो घंटे लेट हुई। नोखा स्टेशन मास्टर अरुण कुमार ने बताया कि बाड़मेर हरिद्वार एक्सप्रेस शाम 4 बजे के करीब नोखा व चिलो के बीच चरकड़ा के पास पहुंची और उसका इंजन फेल हो गया। फिर मालगाड़ी का इंजन भेजकर ट्रेन का इंजन बदल गया और ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

इंजन फेल होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों के लिए हुई। अधिकारियों ने बताया की इंजन फेल होने की सूचना मिलते ही एक इंजन भेजा गया था और इसके बाद खराब हुए इंजन को अलग कर दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को आगे चलाया गया। काफी देर तक लोग ट्रेन चलने का इंतजार करते रहे, लेकिन ट्रेन आगे नहीं बढ़ी। तब लोगों ने ट्रेन के स्टाफ से इसके बारे में पूछा, तो पता चला की ट्रेन का इंजन फेल हो गया है।

भगत की कोठी भी खड़ी रही सुरपुरा स्टेशनः सुरपुरा के स्टेशन अधीक्षक नरेशलाल ने बताया कि भगत की कोठी गाड़ी संख्या 19226 जो 16:37 बजे सुरपुरा स्टेशन पर आई और 18:48 बजे चली। जो 2 घंटे एक मिनट खड़ी रही। क्योंकि गाड़ी संख्या 14888 का इंजन चिलो और नोखा के बीच खराब हो गया था।

सार-समाचार

रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं

बीकानेर, (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना ने बुधवार को केसरदेसर जाटान में देर रात तक चली रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं पर अधिकारियों से चर्चा करते हुए इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। केसरदेसर जाटान में ट्यूबवेल बार-बार खराब होने की समस्या को उन्होंने गंभीरता से लिया और जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि इस कारण ग्रामीणों को पेयजल समस्या नहीं हो, इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाए। उन्होंने यहां संस्कृत शिक्षा स्कूल की छत से बरसाती जल भराव को के रिसाव की समस्या को गंभीरता से लिया और कहा कि इसके दुरुस्तीकरण के प्रस्ताव बनाकर संयुक्त निदेशक को भिजवाए जाएं तथा इनका फॉलोअप करें। उन्होंने कहा कि स्कूल की छत की शीघ्र दुरुस्त हो जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ने केसरदेसर जाटान में चिकित्सक नहीं होने की शिकायत पर सीएमएचओ को कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही वहां तैनात मेडिकल स्टाफ सदस्यों को निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा पूर्ण सतर्क रहे। उन्होंने यहां मेडिकल स्टॉफ, दवाइ्यों के स्टॉक एवं मेडिकल जांचों के संबंध में जानकारी ली। डॉ मीना ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन का पुनर्निर्माण करवाया जाए। इसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाएं इससे पूर्व सीएमएचओ के माध्यम से आवश्यक एनओसी प्राप्त की जाए।

भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

श्रीगंगानगर, (कासं)। यहां पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपालसिंह, विधायक जयदीप बिहाणी, नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर और अन्य पार्टी पदाधिकारी। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय में हुई। इस दौरान शहर के प्रमुख लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई गई। सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू हुआ है। जिले में गुरुवार से अभियान शुरू किया गया।इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में सदस्यता अभियान के बीकानेर संभाग प्रभारी दशरथ सिंह शेखावत, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, श्रीगंगानगर भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, भाजपा नेता प्रियंका बैलान, नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रतन गणेश गढ़िया, जिला महामंत्री प्रदीप धेरड़ व नरेन्द्र सहू उपस्थित रहे। शेखावत ने कहा कि श्रीगंगानगर जिले में 3:25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य हमने रखा है। प्रत्येक बूथ पर हम 200 से भी अधिक सदस्य बनायेंगे, इसके लिए भाजपा के सभी पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में एक-एक घर तक जाएंगे और उन लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएगे जो वैचारिक रूप से पार्टी का सहयोग और समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि एक मोबाइल से एक व्यक्ति ही सदस्य बन सकता है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि भाजपा का यह सदस्यता अभियान व्यापक और विशेष है। सदस्यता अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता करोड़ों घरों तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार में सहभागिता बढ़ाने का अभियान है।

पार्षद उपचुनाव में 56.45 प्रतिशत वोटिंग

श्रीगंगानगर, (कासं)। नगर परिषद के वार्ड 25 में पार्षद पद के लिए उपचुनाव गुरुवार को हुआ। इसके लिए शहर के चौधरी मालूराम भांभू गवर्नमेंट पॉलीटैक्निक कॉलेज में दो पोलिंग बूथ बनाए गए थे। यहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे पोलिंग हुई। इन पोलिंग बूथ पर मतदान समाप्ति तक 56.45 प्रतिशत वोटिंग हुई।जहां मतदान केंद्र पर वोटर्स वोटिंग करने में और प्रशासन व्यवस्थाएं बनाने में व्यस्त थे, वहीं पोलिंग बूथ के बाहर पाटिर्यों के कार्यकर्ता वोट के लिए वोटर्स से मनुहार करते दिखाई दिए। शाम पांच बजे तक इन लोगों ने वोटर्स को वोट करने के लिए प्रेरित किया। पोलिंग बूथ से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर पाटिर्यों ने अपने कैंप भी लगा रखे थे। यहां वोटर्स को अपने कैंडिडेट के समर्थन में वोट करने के लिए कार्यकर्ता आग्रह करते दिखाई दिए। शाम को वोटिंग समाप्त होने तक यहां 56.45 प्रतिशत वोटर्स ने वोटिंग की थी। काउंटिंग शुक्रवार को सुबह तहसील कार्यालय में होगी। वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हुई। सुबह दस बजे तक 15.63 प्रतिशत, दोपहर बारह बजे तक 28.66 प्रतिशत, दोपहर तीन बजे तक 44.95 प्रतिशत, शाम पांच बजे तक 55.58 प्रतिशत और मतदान समाप्ति तक 56.45 प्रतिशत वोटर्स ने वोटिंग की।

नकदी व जेवरात चोरी

बीकानेर, (कासं)। चोर घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी बेखौफ हाथ साफ कर रहे हैं। छबीली घाटी क्षेत्र में रहने वाले एक टेक्सी ड्राइवर के घर से अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण ले गए। नगदी और अन्य सामान भी चोरी कर ले गए। मामले की जांच अब सिटी कोतवाली पुलिस कर रही है। टैक्सी ड्राइवर मोहन सिंह पंवार ने पुलिस को बताया- वह अपने परिवार के साथ सुजानदेसर स्थित रामदेव मंदिर दर्शन करके वापस घर पर लौटा था। इस दौरान देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था। पीछे वाले कमरे की लाइट जल रही थी। अलमारी खुली थी और अंदर से लॉकर का ताला तोड़ा हुआ था। लॉकर में रखा सोने-चांदी का सामान गायब था।

सार-समाचार

रामदेवजी का जन्मोत्सव मनाया

बीकानेर, (कासं)। हड़ाट फोर्स सेवा समिति के शिविर में गुरुवार को बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव मनाया गया। समिति के कमल राठी ने बताया कि उत्सव में रामदेवजी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर आयोजन महाआरती में समिति सदस्यों के परिवारजन व पैदल जातरू मौजूद रहे। आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के अनंतलाल दम्माणी ने बताया कि संस्था का शिविर 29 अगस्त से अनवरत जारी है। शिविर में पैदल जातरूओं को चाय, नाश्ता, भोजन, शिकंजी एवं मेडिकल की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। शिविर में बसंत चांडक, नरेन्द्र पुजारी, श्याम राठी, अजय राठी, कपिल सोमानी, सुमित सुराणा, जयंत सोनी, रामपाल सोनी, गोपाल गोठारी, राकेश विश्नोई, अमन लखोटिया, नितेश लखोटिया आदि सदस्य सुचारू रूप से सेवाएं दे रहे हैं।

महिला शिक्षकों का किया सम्मान

बीकानेर, (कासं)। बागेश्वरी साहित्य कला सांस्कृतिक विरासत संस्था के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लालगढ़ में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।संस्था सचिव मो. सलीम ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद- साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने की तथा मुख्य अतिथि संगीतज्ञ अहमद बशीर सिसोदिया, एवं विशिष्ट अतिथि साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार रहे।अतिथियों का स्वागत प्रधानाध्यापिका चंदा खत्री एवं बाल मनुहार स्वागत हुमेरा खान व निकिता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद- साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कहा की समाज में शिक्षक का स्थान सबसे सवीपरि एवं सम्माननीय है, उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की प्रगति में पिता एवं गुरु ही सबसे अधिक खुश होते हैं, जोशी ने कहा कि राजकीय सेवा में कार्यरत शिक्षक का रिश्ता विद्यार्थी से पिता पुत्र के रिश्ते के समान रहता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि शिक्षक सदैव अपने विद्याथिर्यों को खुश देखना चाहता है इसके लिए वह जीवन पर्यंत विद्याथिर्यों के साथ रहता है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बशीर अहमद सिसोदिया ने कहा कि शिक्षक विकास की धुरी है और विद्याथिर्यों का चाहेता होता है। प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष अब्दुल शकूर सिसोदिया ने शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था की ओर से सम्मानित शिक्षकों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। अतिथियों ने सम्मानित शिक्षकों को शाल, स्मृति चिह्न, श्रीफल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक मोइनुद्दीन कोहरी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया । महिला शिक्षिका चंदा खत्री, कृष्णा शर्मा,उमा अग्रवाल, सुरेंद्र कौर, संतोष मीणा, गज़ाला यास्मीन, सुनीता एवं जहानआरा को सम्मानित किया गया।अध्यक्ष अब्दुल शकूर बीकाणवी ने बताया कि संस्था द्वारा शिक्षा , साहित्य,समाज सेवा के लिए मोईनुद्दीन कोहली नाचीज़ को लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया।कार्यक्रम में छात्र-छात्रा समूह द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयीकार्यक्रम के अंत में गज़ाला यास्मीन ने आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया।

20 लीटर मीठा पानी नष्ट करवाया

हनुमानगढ़, (निसं)। खण्ड नोहर में 19 अगस्त से चल रहे गोगामेड़ी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर सैम्पल संग्रहित किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज खाद्य सुरक्षा दल ने मौसमी ज्यूस विक्रय करने वालों दुकानों पर सामग्री की शुद्धता, स्वच्छता की जांच की। इसके अतिरिक्त अन्य खाद्य सामग्रियों के सैम्पल भी संग्रहित किए। खाद्य सुरक्षा दल ने आज 15 सैम्पल एकत्र कर खाद्य प्रयोगशाला भिजवाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशन में नोहर में चल रहे गोगामेड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा नियमित सैम्पल एकत्रित किए जा रहे हैं। इसी के तहत गुरुवार को खाद्य सुरक्षा दल ने मौसमी ज्यूस का विक्रय करने वाले विक्रेताओं की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। ज्यूस विक्रेताओं द्वारा उपयोग में ली जा जाने वाले मशीन, खाद्य सामग्री, फलों की शुद्धता एवं स्वच्छता, मशीनों की साफ-सफाई सहित अन्य साफ-सफाई की जांच की। मौसमी ज्यूस विक्रेताओं को पाबंद किया कि स्वच्छ व शुद्ध ज्यूस का ही वितरण लोगों को किया जाए। इस दौरान एक दुकान पर मिले 20 लीटर मीठे पानी को मौके पर ही नष्ट किया गया। डॉ. शर्मा न बताया कि खाद्य सुरक्षा दल में एफएसओ सुदेश गर्ग, रामेश्वरलाल, गार्ड योगेश शर्मा एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हीरावल्लभ ने 10 सैम्पल मौसमी ज्यूस के लिए गए। इसके अलावा दूध, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर एवं वनस्पति के सैम्पल लिए गए। गोगामेड़ी मेले में आज कुल 15 सैम्पल संग्रहित कर बीकानेर स्थित खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाएं गए।

'चारदीवारी व शौचालय निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा'

जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक को जिला प्रमुख मोडाराम ने संबोधित किया।

बीकानेर, 5 सितंबर। जिला परिषद की गुरुवार को आयोजित हुई साधारण सभा की बैठक में वर्ष 2024-25 की पूरक वार्षिक कार्य योजना के तहत महात्मा गांधी नरेगा योजना में जिले की विभिन्न पंचायत समितियों के लिए 8 हजार 433 कार्यों का अनुमोदन किया गया। जिला प्रमुख मोडाराम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में इन कार्यों पर कुल 379.47 करोड रुपए व्यय किए जाने का अनुमोदन किया गया। इसके तहत विशेष तौर पर विभिन्न गांवों के राजकीय विद्यालयों में चारदीवारी, शौचालय व शेड निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, डिग्गी निर्माण से जुड़े कार्य होंगे। बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों के ढाई सौ स्कूलों में चारदीवारी और शौचालय बनाने, दिव्यांग आवेदकों के व्यक्तिगत लाभ के कार्य प्राथमिकता से स्वीकृत किए जाएंगे।

बैठक में जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कहा कि ग्रामीण विकास को मजबूती देने के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत विभिन्न कार्यों के साथ सरकारी विद्यालयों में शौचालय और चारदीवारी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से समयबद्ध रूप से पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की समस्त ग्राम पंचायत में चारदीवारी विहीन स्कूलों के सर्वे करवाया गया। 220 स्कूलों का चिन्हीकरण कर प्रस्ताव लिए गए हैं। ग्रामीण विकास में सड़क, पानी के दिव्यांग आवेदकों के व्यक्तिगत लाभ के कार्यों को भी प्राथमिकता से स्वीकृत किया जाएगा। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, पौधे लगाने सहित अन्य कार्यों का भी अनुमोदन किया गया है। उप जिला प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी देवी ने फूलासर बड़ा में स्कूल में स्टाफ लगाने की बात कही। इस दौरान सदस्य रामधन, दौलत राम ने विभिन्न मुद्दों पर बात रखी।उन्होंने पूगल हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और महिला डॉक्टर नियुक्ति की मांग की।

सदस्य मोहन लाल मंडाल ने जल जीवन मिशन के कार्य करवाने और सड़क दुरुस्तीकरण, दौलत राम ने सम्मेवाला में जीएलआर डिग्गी दुरुस्त करवाने की बात कही।

श्रीराम भादू ने बिजली कनेक्शन, मनरेगा में व्यक्तिगत लाभ, स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने के विभिन्न कार्यों के बारे में कहा। अधिशासी अभियंता धीर सिंह गोदारा ने बताया कि मनरेगा के तहत व्यक्तिगत लाभ के स्वीकृत किए गए हैं। सदस्य उमा देवी ने बिलिनियासर से बांगड़सर तक 3 किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग की।

कंप्यूटर टंकण गति परीक्षा 22 को

बीकानेर, (कासं)। मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित के रूप में अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायकों की हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा होगी। परीक्षा 22 सितम्बर को सुबह 10 बजे से गंगा थियेटर के पास स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र में आयोजित की जाएगी। परीक्षा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीणा ने बताया कि अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त जिन कनिष्ठ सहायकों द्वारा इस वर्ष अप्रैल से जुलाई माह की अवधि में आवेदन प्रस्तुत किया है। उन समस्त आवेदकों को 12 सितंबर तक अपने प्रवेश पत्र जिला कलक्टर कार्यालय की स्थापना शाखा (कमरा नं.13) से कार्यालय समय में स्वयं आकर प्राप्त करना होगा। उन्होंने बताया कि टंकण परीक्षा का आयोजन टाइपिंग एक्जाम सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा।

बैठक 10 को

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला प्रमुख कविता रेगर की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 3 सितम्बर को रखी गई थी। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने के कारण जिला प्रमुख के निर्देशानुसार अब जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 10 सितम्बर को रखी गई है।

बीकानेर में शिक्षक दिवस मनाया



शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया।

बीकानेर, (कासं)। नत्थूसर गेट बाहर स्थित लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन शाला की करूणा क्लब इकाई द्वारा आज शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन में किया गया। जिसमें करूणा क्लब के पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी वरिष्ठ छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर व सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन व वरिष्ठ साहित्यकार व रंगकर्मी लक्ष्मीनारायण रंगा प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ वरिष्ठ शिक्षाविद् राजेश रंगा ने किया।

इस अवसर करूण क्लब के छात्र/छात्राओं के सदस्यों एंव वरिष्ठ छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होने वरिष्ठ साहित्यकार एवं महान् शिक्षक लक्ष्मीनारायण रंगा द्वारा रचित शिक्षक सूक्त "शिक्षक आंखों में सपने मन में महत्वकाक्षाएं/मस्तिष्क में संकल्प/पाँवों में गति और हाथों में शक्ति भरता है" के बारे में विस्तार से बताया। रंगा ने कहा कि लक्ष्मीनारायण रंगा हमेशा कहा करते थे कि शिक्षक नर को नारायण, कंकर को शंकर, पुरूष को पुरूषोत्तम एवं जीव को शिव तक पहुंचाने वाले ज्ञानालोक की महायात्रा कराता है। इस अवसर पर सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को इस पुनीत दिवस की बधाई देते हुए करूणा क्लब के सदस्य एवं छात्र/छात्राओ ने सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर, मुंह मीठा कराकर उनसे आशीर्वाद लेकर उनका सम्मान किया। छात्र/छात्राओं ने इस अवसर पर अनेक अध्यापक/अध्यापिकाओं की मिमीक्री की। अन्य कई विद्यार्थियों ने मोनो एक्टिंग कर छात्र/छात्राओ का मन मोहा छात्रा अर्पिता खाती ने अध्यापकों पर स्वरचित कविता पाठ कर सम्पूर्ण सदन को रोमांचित कर दिया तो वहीं सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने आज के युग में शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिक्षक दिवस के इस पुनीत अवसर पर शाला के समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं के साथ-साथ खेल शिक्षक प्रशिक्षक श्याम सुन्दर चूरा का भी सम्मान किया गया। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की रासेयो की दोनों इकाइ्यों के द्वारा आज शिक्षक दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका थी।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र से सम्बन्धित महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि एक शिक्षक देश का सजग प्रहरी होता है। वही देश की भविष्य की नींव को तैयार करता है। उसकी सोच व कार्यशैली के आधार पर किसी देश के विकास की आधारशिला रखी जाती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनन्त जोशी ने विद्याथिर्यों को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि एक शिक्षक समाज का दर्पण होता है और एक सच्चा शिक्षक विद्याथिर्यों की क्षमताओं की पहचान करके उन्हें देश के विकास में उनकी सहभागिता को सुनिश्चित करता है। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय परिवार तथा रासेयो इकाइ्यों के द्वारा महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सुरेश कुमार भाटिया तथा पूर्व विधि व्याख्याता तथा वर्तमान में जिला कलेक्टर कार्यालय में विधि अधिकारी पद पर कार्यरत डॉ. हिमांशु भाटिया का शॉल, स्मृति चिन्ह तथा श्रीफल देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर भाटिया ने महाविद्यालय परिवार तथा विद्याथिर्यों का किए गए सम्मान के अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता, डॉ. बालमुकुन्द व्यास, डॉ. शराफत अली, डॉ. राकेश धवन, डॉ. प्रीति कोचर, डॉ. पीयूष किराडू, श्रीमती सुनीता लूणिया, श्रीमती अन्जुमन उस्ता, श्रीमती चेतना ओझा, श्रीमती महिमा गहलोत, पवन सारस्वत, राकेश रंगा आदि मौजूद रहे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101120 **लोक सूचना** दिनांक : 05.09.2024

मुरलीधर होम डेवेलपेर्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर आदित्य गोयल पुत्र पवन कुमार निवासी 4 सी 19 जवाहरनगर श्री गंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 2 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	मुरलीधर होम डेवेलपेर्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये डायरेक्टर आदित्य गोयल पुत्र पवन कुमार निवासी 4 सी 19 जवाहरनगर श्री गंगानगर	चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 30 के किला नं. 2/2 में 0.1270 है. किला नं. 3 में 0.2530 है. किला नं. 4 में 0.2530 में से 0.0767 है., यथाकुल 0.4567 हैक्टे. (आवासीय प्रयोजनार्थ)	कुल 0.4567 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 05.09.2024 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 12760 दिनांक 04.09.2024

ई- निविदा-सूचना सं0 23/2024-25

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "